खाटू का राजा

तर्ज : होटों से छूलो तूम

खाटू का राजा श्याम
हारे का सहारा है
दरबार में आकर ही
मेरा चलता गुजारा है

जब आयी थी विपदा
तुमने मेरा साथ दिया
अटकी जब भी नैया
तूने भव से पार किया
साया बनके हर दम
जीवन को संवारा है
खाटू का राजा श्याम
हारे का सहारा है

दुनिया ये कहती है
तेरा द्वार निराला है
सुख दुख जो भी आए
तुने सब को ही पाला है
जिस और नजर डालु
तेरा ही नजारा है
खाटू का राजा श्याम
हारे का सहारा है

"रजनी" की है अर्जी
बाबा स्वीकार करो
गलती जो कुछ मेरी
तुम उनको माफ करो
तेरे बिन नैया का
नही लगना किनारा है
खाटू का राजा श्याम
हारे का सहारा है

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19960/title/khatu-ka-raja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |